RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 124 | THURSDAY DATE 28-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ

पहले ही बतला दिया, हो जायें तैयार।
पहले ही जब हो पता, झेली जाती मार।
झेली जाती मार, बढ़ाते अगर अचानक।
रुक जाता दिल वहीं, बंद कर देता धक-धक।
कह साहिल कविराय, बाद में दिल ना दहले।
महंगा होगा तेल, बता डाला है पहले।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

## संक्षिप्त खबरें

### बांग्लादेश गहरे संकट से गुजर रहा, उम्मीद है ईद इससे उबरने की ताकत देगी: शेख हसीना



**ढाका, यूटर्न/ 27 मई।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने ईद-उल-अजहा के मौके पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस बार त्योहार ऐसे समय आया है जब देश के लोग 'गहरे संकट और मुश्किल दौर' से गुजर रहे हैं। अवामी लीग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनका संदेश साझा किया। जिसमें पूर्व पीएम ने लोगों के 'दर्द और पीड़ा' पर अफसोस जताया। हसीना ने कहा, ' पिछले 21 महीनों में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को लगातार हिंसा, हमलों और झूठे केस का सामना करना पड़ा है, जबकि कई लोग अब भी जेल में बंद हैं। सिर्फ राजनीतिक कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि आम लोग भी भारी मुश्किलों का सामना कर रहे हैं।'

### लद्दाख में नशे के खिलाफ बड़े अभियान की तैयारी, एलजी ने की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक



**लेह, यूटर्न/ 27 मई।** लद्दाख में बढ़ते नशे के मामलों को लेकर उपराज्यपाल (एलजी) वी. के. सक्सेना ने मंगलवार को एक व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, चिकित्सा विशेषज्ञ, नागरिक समाज के प्रतिनिधि, धार्मिक संगठन और एनजीओ शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में नशे की स्थिति का आकलन करना और इसके खिलाफ प्रभावी उपायों पर चर्चा करना था। बैठक के दौरान एलजी ने नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ड्रग कार्टेल्स को खत्म करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जाएगा।

## एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला विपक्ष की राजनीतिक, संवैधानिक और नैतिक हार: सुधांशु त्रिवेदी



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लागू करने का निर्णय लिया गया था। कोर्ट ने कहा कि यह पुनरीक्षण चुनाव आयोग की संवैधानिक और वैधानिक शक्तियों के दायरे में है और इसका उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया की शुद्धता बनाए रखना है। फैसले के बाद भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए इसे लोकतंत्र की संस्थाओं पर विपक्ष के हमलों की नाकामी के रूप में पेश किया।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज सर्वोच्च न्यायालय ने एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को पूर्णतः संविधान सम्मत घोषित कर दिया है। बिहार और पश्चिम बंगाल के चुनावों में राजनीतिक दृष्टि से करारी हार मिलने के बाद, अनर्गल बयानों और अफवाहों के बावजूद जनता से किसी भी प्रकार का समर्थन न मिलने के पश्चात मुझे लगता है कि अब विपक्ष, खासकर कांग्रेस पार्टी, नैतिक और संवैधानिक दोनों मोर्चों पर भी पूरी तरह पराजित हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सभी संस्थाओं पर अपनी अकर्मण्यता और राजनीतिक अक्षमता को छिपाने के लिए आरोप-प्रत्यारोप, लांछन और अपमान का जो खेल खेला जा रहा था, वह आज सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से पूरी तरह निष्फल साबित हो गया है। यह कांग्रेस और समूचे विपक्ष की नैतिक, राजनीतिक तथा संवैधानिक तीनों आयामों पर निर्णायक पराजय है।

### वर्क फ्रॉम होम और मेट्रो मंडे का गंभीरता से पालन करने पर जोर

## रेखा गुप्ता ने अधिकारियों संग की बैठक



» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और विभागाध्यक्षों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस वर्चुअल बैठक में दिल्ली सरकार के बजट में की गई घोषणाओं, विकास कार्यों और जनहित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

सीएम रेखा गुप्ता ने इन योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री सेवा सदन में आयोजित इस समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बजट में घोषित योजनाओं को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने के लिए तत्काल प्रभाव से कार्य तेज किए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि हर योजना को अंतिम परिणाम तक पहुंचाना है।

उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जिन विभागों द्वारा बजट राशि का योजनाओं पर उचित उपयोग नहीं किया जाएगा, आगामी बजट में उनकी धनराशि में कटौती की जा सकती है। बैठक में मानसून की तैयारियों को लेकर भी विशेष चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि बारिश शुरू होने से पहले राजधानी के सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई और गाद निकालने का कार्य हर हाल में पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि जलभराव की समस्या को रोकना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के मुद्दे पर कहा कि जिन स्थानों पर धूल उड़ने की समस्या है या खाली जमीन पड़ी हुई है, वहां बड़े स्तर पर पौधारोपण अथवा घास लगाने का अभियान चलाया जाए।

### भगवंत मान सरकार चुनावी माहौल में प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रही : रवनीत सिंह बिट्टू



**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।** केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने पंजाब की भगवंत मान सरकार पर चुनावी माहौल में प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर स्थानीय चुनाव जीतने का प्रयास कर रही है। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह धूरी नहीं जाना चाहते थे, क्योंकि वहां चुनाव आचार संहिता लागू थी और उन्हें इसका पूरा ज्ञान था। उन्होंने दावा किया कि धूरी, जो मुख्यमंत्री भगवंत मान का गढ़ माना जाता है, अब कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है। भगवंत मान के पूर्व ओएसडी ओंकार सिंह वहां भारतीय जनता पार्टी के लिए जमीनी स्तर पर मजबूती से काम कर रहे हैं.



### टीएमसी को झटका, सांसद काकोली घोष ने सभी पदों से दिया इस्तीफा

**कोलकाता, यूटर्न/ 27 मई।** तृणमूल कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और चार बार की सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने बुधवार को पार्टी के सभी संगठनात्मक पदों से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया। बारासात से सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने अपना इस्तीफा पत्र तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी को भेजा। अपने पत्र में उन्होंने लिखा, 'बेहद पीड़ा और चिंता के साथ मैं अखिल भारतीय तृणमूल महिला कांग्रेस की चेयरपर्सन समेत पार्टी के सभी संगठनात्मक पदों, समितियों और जिम्मेदारियों से इस्तीफा दे रही हूं।' उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से लोकसभा में पार्टी के मौजूदा मुख्य सचेतक कल्याण बनर्जी पर निशाना साधा, जिन्होंने उनकी जगह यह पद संभाला था। काकोली घोष दस्तीदार ने कहा कि जब एक महिला सांसद के प्रति किसी 'अशिक्षित और अभद्र' पार्टी सांसद के व्यवहार को रोका नहीं जा सकता और पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व से सहयोग व सहानुभूति नहीं मिलती, तब किसी पद पर बने रहने का कोई मतलब नहीं रह जाता।

### नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने उपराष्ट्रपति से की मुलाकात



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।** भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने बुधवार को उपराष्ट्रपति भवन में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार मुलाकात की। यह भेंट ऐसे समय हुई है जब एडमिरल त्रिपाठी इसी महीने भारतीय नौसेना की सेवा से सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। एडमिरल त्रिपाठी का करियर भारतीय नौसेना में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों से जुड़ा रहा है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने नौसेना के आधुनिकीकरण, स्वदेशी युद्धपोत निर्माण, समुद्री निगरानी क्षमता और संयुक्त सैन्य अभियानों को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। सेवा निवृत्ति से पहले वरिष्ठ अधिकारी विभिन्न संवैधानिक पदाधिकारियों से औपचारिक मुलाकात करते रहे हैं। उपराष्ट्रपति से हुई यह भेंट भी उसी क्रम का हिस्सा मानी जा रही है।

## शाहबाद डेयरी में विकास कार्यों को मिल रही है गति : रविन्द्र इन्द्राज

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।**

दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा है कि यहाँ शाहबाद डेयरी में आम नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है और क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है।

श्री रविन्द्र इन्द्राज ने आज शाहबाद डेयरी के सी-ब्लॉक, सुनहरी चौक तथा लाला स्कूल रोड, शाहबाद डेयरी, बवाना में सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।

इस दौरान उन्होंने बताया कि उक्त विकास कार्य मुख्यमंत्री विकास निधि के अंतर्गत कराए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना तथा नागरिकों को बेहतर आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराना है।

उन्होंने कहा कि शाहबाद डेयरी क्षेत्र में लंबे समय से सड़कों और नालियों की स्थिति अत्यंत



खराब थी, जिसके कारण लोगों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।

उन्होंने कहा कि बवाना विधानसभा के अंतर्गत सभी क्षेत्रों में विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं तथा जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शाहबाद में कोई भी ऐसा ब्लॉक नहीं छोड़ा जाएगा जहां पीने के पानी की समस्या बनी रहे।

## अमित शाह ने सीमावर्ती इलाकों में 360 डिग्री सुरक्षा योजना शुरू की, घुसपैठ रोकने पर विशेष ध्यान

» **जयपुर, यूटर्न/ 27 मई।**

भारत-पाकिस्तान सीमा पर राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक बड़े कदम के तौर पर राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में घुसपैठ, अवैध गतिविधियों, साइबर अपराध और सीमा पार से होने वाली नशीले पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसने के लिए एक व्यापक '360-डिग्री सुरक्षा योजना' तैयार की गई है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बीकानेर में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसका मुख्य फोकस पाकिस्तान से सटे राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना था।

बैठक के दौरान घुसपैठ, अवैध गतिविधियों, साइबर अपराध और सीमा पार नशीले पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए एक व्यापक '360-डिग्री सुरक्षा योजना' तैयार की गई। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), केंद्रीय



प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी), राजस्थान पुलिस और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने इन चचाओं में हिस्सा लिया।

राजस्थान के पांच सीमावर्ती जिलों के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) भी इस बैठक में मौजूद रहे। गृह मंत्री अमित शाह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे भारत-पाकिस्तान सीमा के 15 किलोमीटर के दायरे में होने वाले अवैध निमार्णों के खिलाफ सख्त 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाएं।

## नये इलैक्ट्रिक बस डीपो का उद्घाटन आज, मुख्यमंत्री सैनी 80 इलैक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर करेंगे, रवाना

**निर्मल सिंह विर्क/पानीपत, यु-टर्न 27 मई।** मुख्यमंत्री नायब सिंह वीरवार को दोपहर 12:30 बजे पानीपत के इलैक्ट्रिक बस डीपो का उद्दघाटन करेंगे और 80 इलैक्ट्रिक बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। मुख्यमंत्री सडक मार्ग द्वारा उक्त समय पर पानीपत पहुंचेंगे। वे स्थानीय आर्य पीजी कॉलेज के सभागार में उपस्थित जनसमूह को भी सम्बोधित करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने दी।

## इनेलो बढ़ती मंहगाई को लेकर 1 जुन को जिला मुख्यालय पर करेगी प्रदर्शन : कपिल काबडी



**पानीपत, यूटर्न/ 27 मई।** भाजपा सरकार ने पिछले 12 दिनों के भीतर पैट्रोल डीजल गैस के दाम में चार बार बढ़ोतरी कर आम जनता के हितों पर कुठाराघात करने का काम किया है । पैट्रोल डीजल के दामों में बढ़ोतरी कर आम आदमी पर आर्थिक रूप से बोझ डाल दिया है। घरेलू सामान की मूल्यों बढ़ोतरी से आम आदमी के घर के बजट पर असर पड़ेगा। सरकार के तुगलकी फरमानो से पहले ही जनता दुखी हैं। सरकार का इस प्रकार से ईंधन के दाम में वृद्धि करना सरासर जनता के साथ अन्याय है। जनता के साथ किए गए इस प्रकार के अन्याय को इनेलो पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। ये उक्त शब्द इनेलो पार्टी के एस. सी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल काबडी ने अपने कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में सम्बोधन करते हुए कहें।

पार्टी के सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला के आदेशानुसार इस आसमान छूती मंहगाई के खिलाफ जिला पानीपत इनेलो पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता 1 जून को सड़क पर रोष प्रदर्शन कर जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने का काम करेंगे।

## लुवास में वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं टैलेंट सर्च कार्यक्रम 'पॉफेक्ट बिगिनिंग्स-2026' का भव्य आयोजन



**हरियाणा, यूटर्न/ 27 मई।** लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (छवश्रर), हिसार के अंतर्गत इंस्टिट्यूट ऑफ पैरा वेटरनरी साइंस द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं टैलेंट सर्च कार्यक्रम 'पॉफेक्ट बिगिनिंग्स-2026' का आयोजन अत्यंत भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा, सांस्कृतिक विविधता एवं रचनात्मक ऊर्जा का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा रहे। समारोह का संचालन द्वितीय वर्ष वीएलडी डिप्लोमा के विद्यार्थियों द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया, जिसमें संस्थान के निदेशक डॉ. पवन कुमार का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। मंच पर प्रस्तुत राजस्थानी नृत्य, हरियाणवी लोकनृत्य, भांगड़ा, बॉलीवुड डांस एवं मधुर गीतों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों की ऊर्जा, आत्मविश्वास एवं सांस्कृतिक प्रतिभा ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी है।

# दिल्ली के ख्याला में घर में भीषण आग लगने से किशोर की मौत, महिला घायल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।**



दिल्ली के ख्याला इलाके में स्थित एक घर में बुधवार को आग लग गई। इस आग की चपेट में आकर 13 वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला घायल हो गई।

मृतक की पहचान जसप्रीत के रूप में हुई है। वहीं, घायल की पहचान स्वमजीत कौर (65) के रूप में हुई है।

दिल्ली दमकल विभाग के मुताबिक, बुधवार तड़के 2:45 बजे एक फोन कॉल आया था, जिसमें यह बताया गया था कि ख्याला के विष्णु गार्डन स्थित एक घर के ग्राउंड फ्लोर पर आग लग गई है। जानकारी के मुताबिक, घटना की सूचना मिलने के बाद राहत एवं बचाव कर्मियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हालांकि, इस दौरान जसप्रीत और स्वमजीत कौर घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, मौके पर दमकल विभाग के पहुंचने से पहले ही दोनों घायलों को रघुवीर नगर स्थित गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हालांकि, चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. अनंत्रा ने जसप्रीत को मृत घोषित कर दिया।

इस बीच, संबंधित अधिकारियों ने बताया कि स्वमजीत कौर 35 फीसदी जल चुकी थीं और फिलहाल उनका इलाज जारी है।

अधिकारियों ने बताया कि यह आशंका है कि ग्राउंड फ्लोर पर इलेक्ट्रिक स्कूटर से आग शुरू हुई। इसके बाद यह पूरे फ्लोर पर फैल गई।

दमकल विभाग के मुताबिक, इससे पहले दिल्ली के विजय विहार फेज 2 में स्थित तीन मंजिला मकान में आग लग गई थी। इसके बाद वहां रहने वाले सभी लोगों को रेस्क्यू टीम ने बचा लिया था। अधिकारियों के मुताबिक, दमकल विभाग को मंगलवार सुबह 7:06 बजे यह सूचना मिली थी कि विजय विहार फेज-2 के गली नंबर 5 में स्थित एक घर में आग लग गई है। इसके बाद दमकल विभाग से जुड़ी तीन गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को काबू में करने का प्रयास किया। दमकल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सबसे पहले घर के पास स्थित पार्किंग एरिया से आग की शुरूआत हुई। इसके बाद यह धीरे-धीरे ऊपर की मंजिल पर फैल गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, जो लोग घर में फंस गए थे, उन्हें दमकल विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया। इसके बाद दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया।

## दिल्ली के चितली कबर मार्केट में फुटपाथ पर मिला शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।**

दिल्ली के चितली कबर मार्केट इलाके में मंगलवार देर रात एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार, मंगलवार रात 2:30 बजे हेड कांस्टेबल दिनेश और हेड कांस्टेबल अरविंद मोटरसाइकिल से इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर चितली कबर मार्केट स्थित दुकान नंबर 1348 के सामने फुटपाथ पर पड़े एक व्यक्ति पर पड़ी। पुलिसकर्मियों ने जब उस व्यक्ति की जांच की, तो वह मृत पाया गया। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शुरूआती जांच में उसके शरीर पर किसी भी तरह के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले। मृतक ने सामान्य कपड़े और चप्पल पहन रखी थी। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने आसपास मौजूद स्थानीय लोगों से मृतक की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी।

## दिल्ली पुलिस ने पेटीएम केवाईसी के नाम पर ठगी करने वाले साइबर गिरोह का भंडाफोड़ किया, 3 गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।**



साइबर जालसाजों द्वारा पेटीएम केवाईसी के नाम पर एक चाय बेचने वाले के साथ ठगी किए जाने के मामले में दिल्ली पुलिस की सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट साइबर सेल ने एक अंतर-राज्यीय साइबर ठगी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में बैंक अकाउंट किट एटीएम कार्ड और सिम कार्ड की सप्लाई से जुड़े तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार, यह गिरोह खुद को पेटीएम कर्मचारी बताकर लोगों को निशाना बनाता था। आरोपी पीड़ितों के पास पहुंचकर उन्हें पेटीएम केवाईसी या सेटिंग अपडेट करने का झांसा देते थे और इसी बहाने उनके मोबाइल फोन तक पहुंच बना लेते थे। एक बार मोबाइल फोन पर नियंत्रण मिलने के बाद वे बैंक खाते से अवैध रूप से रकम ट्रांसफर कर लेते थे। इसी तरीके से दक्षिण पटेल नगर, दिल्ली में रहने वाले एक चाय विक्रेता के साथ भी ठगी हुई, जिसमें उसके बैंक खाते से लगभग 90,000 रुपये निकाल लिए गए। शिकायत मिलने के बाद साइबर थाने ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। शुरूआती जांच में तकनीकी निगरानी, बैंक लेनदेन के विश्लेषण, लाभार्थी खातों की जांच और सीसीटीवी फुटेज की मदद ली गई। जांच में सामने आया कि ठगी की गई रकम एक पंजाब नेशनल बैंक खाते में ट्रांसफर की गई थी, जिसका इस्तेमाल आगे साइबर अपराध में किया जा रहा था। लगातार डिजिटल ट्रेल और मोबाइल नंबरों के विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान की। जांच में यह भी सामने आया कि यह पूरा नेटवर्क अलग-अलग राज्यों में फैला हुआ था, जिसमें हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के लोग शामिल थे। पुलिस ने तकनीकी इनपुट और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर पंचकूला, जीरकपुर और आसपास के इलाकों में छापेमारी की और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में पंचकूला निवासी विशेष सिंह शामिल है, जिस पर बैंक खाता उपलब्ध कराने और साइबर ठगी में इस्तेमाल होने वाली किट सप्लाई करने का आरोप है। दूसरा आरोपी सचिन मौर्य है, जो कथित रूप से बैंक अकाउंट किट इकट्ठा करने और उन्हें आगे सप्लाई करने का काम करता था।

## सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली काजल को भेजा शुभकामना संदेश



**रवि जैस्ट, कलायत, यूटर्न/ 27 मई।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की एम.ए. हिंदी तृतीय सेमेस्टर परीक्षा में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कैथल जिले के राजौंद (कलायत) निवासी छात्रा काजल को सांसद नवीन जिन्दल ने विशेष प्रशंसा-पत्र भेजकर सम्मानित किया है।

अपने संदेश में सांसद नवीन जिन्दल ने काजल की इस उत्कृष्ट उपलब्धि को उसके कठिन परिश्रम, लगन और अनुशासन का परिणाम बताते हुए कहा कि यह सफलता न केवल उसके परिवार और विश्वविद्यालय, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि काजल भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित कर समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करेगी।

सांसद नवीन जिन्दल ने अपने संदेश में कहा कि युवा पीढ़ी की ऐसी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत होती हैं। उन्होंने काजल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे निरंतर मेहनत और समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने काजल को तिरंगा भेंट किया और बताया कहा कि सांसद नवीन जिन्दल, शिक्षा को ही समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति मानते हैं तथा मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें गर्व होता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे शिक्षा के माध्यम से अपने सपनों को साकार करें और देश के विकास में सक्रिय योगदान दें।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा में 3 दिन के लिए धारा 163 लागू

### नियम तोड़ने वालों पर होगा सख्त एक्शन

» **ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 27 मई।**



पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने कानून व्यवस्था बनाए रखने और शांति व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस)-2023 की धारा 163 लागू कर दी है। यह आदेश तीन दिन के लिए, 28 मई से 30 मई तक प्रभावी रहेगा।

पुलिस आयुक्त कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार इस अवधि में बिना अनुमति धरना, प्रदर्शन, जुलूस, सार्वजनिक सभा और भीड़ एकत्र करने पर प्रतिबंध रहेगा। जारी आदेश में कहा गया है कि ईद-उल-अजहा (बकरीद) के त्योहार के दौरान कुर्बानी, नमाज और अन्य धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। साथ ही विभिन्न किसान एवं अन्य संगठनों द्वारा धरना-प्रदर्शन की भी संभावना है। इन परिस्थितियों को देखते हुए असामाजिक तत्वों द्वारा शांति व्यवस्था भंग किए जाने की आशंका को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पुलिस आयुक्त, अपर पुलिस आयुक्त या पुलिस उपायुक्त की पूर्व अनुमति के बिना पांच या उससे अधिक व्यक्ति किसी भी प्रकार का जुलूस, सभा या प्रदर्शन नहीं करेंगे। ड्रोन कैमरे से फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। केवल अधिकृत अनुमति मिलने पर ही इसका उपयोग किया जा सकेगा। आदेश के अनुसार धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों और जुलूसों में लाउडस्पीकर के उपयोग पर भी नियम लागू रहेंगे। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा।

# आधुनिक भारत के निर्माण में पंडित नेहरू का योगदान अतुलनीय : राजेश संदलाना

## देश की एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतीक थे पंडित जवाहरलाल नेहरू : राजेश संदलाना

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 27 मई। आधुनिक भारत के निमार्ता पंडित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेसजनों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

आज कांग्रेस भवन, हिसार में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार देश के प्रथम प्रधानमंत्री, आधुनिक भारत के निमार्ता एवं भारत रत्न स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की 62वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एआईसीसी सदस्य राजेश संदलाना ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की शुरूआत पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ हुई। उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके आदर्शों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। अपने संबोधन में एआईसीसी सदस्य राजेश संदलाना ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू केवल स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री ही नहीं थे, बल्कि आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखने वाले महान राष्ट्रनिमार्ता भी थे। उन्होंने लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, वैज्ञानिक सोच और सामाजिक समानता के सिद्धांतों पर देश को आगे बढ़ाने का कार्य किया। उनके नेतृत्व में देश ने औद्योगिक विकास, शिक्षा, विज्ञान, तकनीक और लोकतांत्रिक संस्थाओं के निर्माण में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं।

उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू का सपना एक ऐसे भारत का था जो मजबूत, समृद्ध, प्रगतिशील और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाला हो। पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने, युवाओं को नई दिशा देने और आधुनिक भारत की आधारभूत संरचना तैयार करने में उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा।

राजेश संदलाना ने कहा कि आज देश के लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों के सामने चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, ऐसे समय में पंडित नेहरू के विचार पहले से अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। उनके समावेशी भारत के संकल्प को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सभा के अंत में उपस्थित कांग्रेसजनों ने 'हिंद के जवाहर अमर रहें' के नारों के साथ पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को कोटि-कोटि नमन किया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विशेष रूप से पूर्व बरवाला प्रत्याशी एवं वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह गंगवा, वरिष्ठ नेता अनूप सिंह सरसाना, केकेसी प्रदेश संयोजक नरेश मलिक,वरिष्ठ महिला नेत्री गायत्री यादव हांसी, एडवोकेट डॉक्टर राजवीर सिंह मोर, पूर्व प्रदेश महिला उपाध्यक्ष कमल सहरावत, रिटायर्ड एम्पलाइज सैल प्रदेश उपाध्यक्ष रणधीर सिंह बामल,युवा नेता सुरेश पंघाल लाडवा, राजकुमार जांगड़ा, एडवोकेट सतबीर पाबड़ा,बीके सुरेश कुमार, टेकचंद बटेश्वर बागड़ी,पूर्व अल्पसंख्यक अध्यक्ष विक्टर डेविड, केकेसी प्रदेश सचिव सुभाष सारसर,प्रदेश सचिव हरियाणा रिटायर्ड एंप्लॉय सैल रमेश चाहर, वरिष्ठ नेता सतीश भाटिया, किशन कुमार हिसार , वरिष्ठ नेता नरेंद्र पुनिया लाडवा, त्रिलोक चंद शर्मा ,समाजसेवी रामफल शिले, युवा नेता विक्रम देवा, संदीप कुमार मास्टर विनोद लॉयल,ओम प्रकाश आजाद नगर , दिलबाग धीनवास, बृजलाल, सुशील धीनवास, सहित सैकड़ों साथी उपस्थित रहे।

# श्री सोमनाथ मंदिर की निशुल्क यात्रा के लिए 6 जून तक करें आवेदन : विश्राम कुमार मीणा

» कुरुक्षेत्र , यूटर्न/ 27 मई।



उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी पहल 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' के अंतर्गत सोमनाथ स्वाभिमान पर्व - 1000 वर्ष की अखंड आस्था व पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर बुजुर्ग श्रद्धालुओं को पवित्र तीर्थ स्थल श्री सोमनाथ मंदिर प्रभास पाटन, वेरावल (गुजरात) के दर्शन करवाए जाएंगे। आगामी 8 जून को एक विशेष ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस विशेष ट्रेन को कुरुक्षेत्र से झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उन्होंने कहा कि योजना के तहत यात्रा पूरी तरह निःशुल्क होगी और पात्र श्रद्धालुओं को रहने व खाने सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इच्छुक श्रद्धालु 6 जून तक सरल हरियाणा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। चयन प्रक्रिया पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगी, इसलिए पात्र लाभार्थियों से समय रहते आवेदन करे। इस यात्रा का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए कुछ नियम निर्धारित किए हैं। इसके लिए आवेदक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। योजना के नियमों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति तीन वर्षों में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ ले सकता है।

# आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविरों एवं योग जागरूकता कार्यक्रमों का किया जा रहा है आयोजन :डा . मंजू शर्मा

### आमजन को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के साथ-साथ योग एवं आयुर्वेद अपनाने के लिए किया जा रहा है प्रेरित

» परमिंदर सिंह



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 27 मई। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि आयुष हरियाणा के दिशा-निर्देशन तथा प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में जिलेभर में आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविरों एवं योग जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के साथ-साथ योग एवं आयुर्वेद अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पीएचसी खानपुर कोलियां द्वारा गांव खानपुर कोलियां में ,आयुष्मान आरोग्य मंदिर सारसा द्वारा ग्राम पंचायत पिंडारसी के शिव मंदिर ,जीएडी लुखी द्वारा गुरुद्वारा हसनपुरा में एवं कलाल माजरा में एएमओ डॉ. मनप्रीत गहलावत, एएमओ डॉ. अनामिका, एएमओ डॉ. आकृति एवं डॉ संतोष ने स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। इस शिविर में 185 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें औषधियां वितरित की गईं। शिविर में लोगों को दिनचर्या, ऋतुचर्या एवं योग के लाभों के बारे में जानकारी दी गई। इस शिविर में आमजन को टीबी रोग के प्रति जागरूक भी किया गया।

उन्होंने कहा कि 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष्मान आरोग्य मंदिर डबखेड़ा में योग प्रोटोकॉल अभ्यास एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में आशा वर्कर्स, एएनएम, सीएचओ एवं यारा क्षेत्र के लोगों को डॉ. संदीप गुप्ता एवं योग आचार्य दीपक योगी द्वारा योग, आयुर्वेदिक डाइट प्लान, दिनचर्या एवं योग प्रोटोकॉल-2026 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही टीबी बीमारी के प्रति जागरूक किया गया तथा ज्योतिसर स्थित महाभारत अनुभव केंद्र के भ्रमण एवं सांस्कृतिक-शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में कुल 27 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 57 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### 1933 अथवा 90508-91508 पर दें नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं, नशा छोडो आगे बढ़ो

**हरियाणा, यूटर्न/ 27 मई।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री संजय कुमार IPS के दिशानिर्देशों एवं पुलिस उप-महानिरिक्षक श्री राजेंद्र कुमार मीणा IPS जी के मार्गदर्शन में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोहाना में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 57 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अजय खोखर की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ जिसमें दोनों वर्ग अनुदेशकों, अनुदेशकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। उच्चाधिकारियों के आदेश से ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा संस्थान में पहुंचे और एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों बारे विस्तार से समझाकर नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहभागिता करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि नशा भावी पीढ़ियों के लिए अभिशाप है। उन्होंने बताया कि नशा मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। नशा मनुष्य के जीवन में शौक बनकर आता है और उसके जीवन का अंत शोक में परिवर्तित हो जाता है। उन्होंने बताया कि यदि नशा अच्छा होता तो सबसे पहले माँ अपने बच्चे को नशा करने के लिए देती। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी या बिक्री से संबंधित कोई भी सूचना मिलने पर ठउइ नेशनल हेल्पलाइन 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल NCBMANAS.GOV.IN या हरियाणा एनसीबी हेल्पलाइन 90508-91508 टोल-फ्री नंबरों पर दें। सूचना देने वाले का नाम पूर्णतः गुप्त रखा जाएगा। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गई।




# कानपुर में बसपा की समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं की सक्रियता पर जोर, टीम आशीष ने सपाईयों को भी कराया शामिल

» सुनील बाजपेई

कानपुर। आगामी विधानसभा चुनाव में बहुजन समाजवादी पार्टी अपने विरोधी दलों को बहुत बड़ी टक्कर देने की तैयारी में जुटी हुई है। कानपुर मंडल की समीक्षा बैठक में भी इसी कथन की पुष्टि होती दिखाई पड़ी। इस समीक्षा बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने बूथ गठन, संगठन विस्तार और कार्यकर्ताओं की सक्रियता को लेकर चर्चा की। बैठक में बड़ी संख्या में युवाओं के पार्टी में शामिल होने से बसपा ने शक्ति प्रदर्शन भी किया। अगर बहुजन समाज पार्टी में युवाओं की भूमिका की बात करें तो उसकी मजबूती में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका आशीष कश्यप जैसे तेजतर्रार और व्यवहार कुशल युवा नेताओं की नजर आ रही है। खास बात यह भी कि हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने वाले और अपनी व्यवहार कुशलता के बल पर हर जाति, हर धर्म और हर वर्ग के मतदाताओं में चुनाव जीतने की हद तक मजबूत पकड़ रखने वाले युवा नेताओं में सुमार आशीष कश्यप बसपा के प्रति समर्पित तो शुरू से ही हैं।



उसके लिए काम भी जमकर करते रहे हैं। लेकिन उन्होंने सदस्यता पार्टी प्रमुख बहन मायावती का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद ही ली है। वह समाजवादी पार्टी और भीम आर्मी के लगभग 200 कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक के दौरान बसपा में शामिल हुए। इस बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी एवं मुख्य मंडल. प्रभारी डा. विजय प्रताप ने कार्यकर्ताओं से हर बूथ पर मजबूत टीम तैयार करने का आ'ान किया। मुख्य मंडल प्रभारी सूरज सिंह जाटव ने भी पार्टी सुप्रीमो मायावती के निर्देशों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया।

# गर्मी के मौसम में श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के पूर्व प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता ने लगाया अनोखा आइसक्रीम भंडारा

### श्री बाला जी फिलिंग स्टेशन पर भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों को बांटी आइसक्रीम

» अश्विनी वालिया



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 27 मई। भीषण गर्मी का मौसम चल रहा है तो लोग भोजन एवं जलसेवा के अलग अलग तरीके से भंडारे लगा रहे हैं। बुधवार को श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के पूर्व प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता एवं उनके पुत्र महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) के पूर्व प्रधान विनय गुप्ता ने लोगों को गर्मी से राहत देने के लिए सौ फूटा रोड़ पर स्थित श्री बाला जी फिलिंग स्टेशन पर अनोखे तरीके से आइसक्रीम का विशाल भंडारा लगाया। विनय गुप्ता ने बताया कि भंडारे में हजारों की संख्या में लोगों ने अलग अलग फ्लेवर की आइसक्रीम ग्रहण की। इस अवसर पर लोगों ने भी गुप्ता परिवार की सराहना की। आइसक्रीम भंडारे में विनय गुप्ता का मुनीश मित्तल, राजेश सिंगला, अशोक गर्ग, अभिषेक सिंगला, संदीप अरोड़ा, दीपक बंसल, सुशील कुमार, पुनीत गुप्ता, विंकल गुप्ता, मयूर गुप्ता, प्रवीण अरोड़ा, राजीव कुमार इत्यादि ने उत्साह के साथ सहयोग किया।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# दिल्ली पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर फ्रॉड मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, तीन गिरफ्तार

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।

दिल्ली पुलिस की साइबर थाना सेंट्रल टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतरराज्यीय साइबर फ्रॉड मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह बैंक अकाउंट किट, एटीएम कार्ड और सिम कार्ड उपलब्ध कराकर ऑनलाइन साइबर ठगी को अंजाम देने वाले नेटवर्क के लिए काम कर रहा था। पुलिस के मुताबिक आरोपी खुद को पेटीएम कर्मचारी बताकर भोले-भाले लोगों को निशाना बनाते थे। केवाईसी अपडेट या पेटीएम सेटिंग अपडेट करने के बहाने मोबाइल फोन तक पहुंच हासिल कर खाते से रकम उड़ा लेते थे। यह पूरा मामला उस वक्त सामने आया जब साउथ पटेल नगर निवासी एक चाय विक्रेता ने साइबर थाना सेंट्रल में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने बताया कि एक व्यक्ति उसकी दुकान पर आया और खुद को पेटीएम कर्मचारी बताते हुए मोबाइल में केवाईसी और सेटिंग अपडेट करने की बात कही। इसी दौरान उसने धोखे से मोबाइल तक पहुंच बनाकर पीड़ित के बैंक खाते से 90 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए।



शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तकनीकी जांच और ट्रांजैक्शन ट्रेल का विश्लेषण किया। इसके आधार पर थाना साइबर सेंट्रल में 15 मई 2026 को बीएनएस की धारा 318(4) के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआई रविंदर कुमार, हेड कांस्टेबल दीपक और जय किशन की टीम गठित की गई, जिसकी निगरानी साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर योगराज दलाल और एसीपी ऑप्स सेंट्रल पदम सिंह राणा कर रहे थे। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी निगरानी, बैंक खातों का विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज, डिजिटल प्रोफाइलिंग और फाइनेंशियल ट्रेल की मदद से पता लगाया कि ठगी की रकम पंजाब नेशनल बैंक के एक खाते में भेजी गई।

# दिल्ली-एनसीआर में भीषण गर्मी का कहर, 45 डिग्री के पार जाएगा पारा, 29 मई से मौसम बदलने के आसार

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।

राष्ट्रीयराजधानीक्षेत्र (एनसीआर) के लोगों को अगले दो दिनों तक भीषण गर्मी और लू का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग की ओर से जारी सात दिन के पूर्वानुमान के अनुसार 27 मई को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहेगा। मौसम विभाग ने साफ तौर पर 'हीट वेव' यानी लू चलने की चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही दोपहर और शाम के समय तेज सतही हवाएं चलने की संभावना भी जताई गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, 27 मई को हवा में नमी का स्तर अधिकतम 40 प्रतिशत और न्यूनतम 25 प्रतिशत रहने का अनुमान है। विभाग ने दोपहर और शाम दोनों समय तेज गर्म हवाओं के साथ लू चलने की चेतावनी दी है। ऐसे में लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचाव करने की सलाह दी गई है। हालांकि, 28 मई से मौसम करवट लेना शुरू कर देगा।

विभाग के अनुसार इस दिन अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने 'थंडरस्टॉर्म विद रेन' यानी गरज-चमक



के साथ बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। दोपहर और शाम के समय बहुत हल्की से हल्की बारिश के साथ 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं और आंधी चल सकती है। 29 मई को मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान में भारी गिरावट आएगी और यह 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहेगा। इस दिन भी गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने बताया है कि दोपहर और शाम के दौरान हल्की बारिश के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। बिजली चमकने और आंधी की भी संभावना जताई गई है। 30 और 31 मई को भी 'थंडरस्टॉर्म विद रेन' की स्थिति बनी रहेगी।



# खाने की दुकान पर विवाद के दौरान किशोर को गोली मारी गई, हिरासत में एक नाबालिग

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के अमर कॉलोनी इलाके में एक रेस्टोरेंट में 17 साल का एक छात्र गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि उसने कुछ युवकों के एक समूह द्वारा अपनी कुर्सी से सटकर निकलने पर कथित तौर पर आपत्ति जताई थी। पुलिस के अनुसार, तीन आरोपियों में से एक को बुधवार को पकड़ लिया गया।

इस घटना ने पूरे इलाके को चौंका दिया है, जिसके बाद बड़े पैमाने पर जांच शुरू की गई है। पुलिस की कई टीमें सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और आरोपियों की हरकतों पर नजर रख रही हैं।

सूत्रों के मुताबिक, हिरासत में लिया गया आरोपी नाबालिग है और माना जा रहा है कि वह इस मामले में मुख्य शूटर नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि फायरिंग की घटना के संबंध में पीसीआर कॉल मंगलवार शाम करीब 7:54 बजे अमर कॉलोनी पुलिस स्टेशन को मिली थी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित, जिसकी पहचान साहिल के रूप में हुई है, अपने दोस्तों के साथ खाना खाने गया था, तभी लड़कों का एक समूह उनकी मेज के पास से गुजरा। इस दौरान, एक ने कथित तौर पर साहिल की कुर्सी को छू दिया, जिस पर उस किशोर ने आपत्ति जताई और उनसे ठीक से चलने को कहा।

जांचकर्ताओं ने बताया कि इस छोटी-सी कहा-सुनी के बाद वह समूह शुरू में तो रेस्तरां से चला गया, लेकिन कुछ ही देर बाद वापस आ गया। अधिकारियों के अनुसार, इसके बाद उन युवकों में से एक ने कथित तौर पर साहिल पर गोली चला दी और फिर दूसरों के साथ मिलकर वहां से भाग गया। गोलीबारी की इस घटना में घायल होने वाला वह किशोर ही एकमात्र व्यक्ति था।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम, स्टेशन हाउस ऑफिसर और असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस के साथ, तुरंत मौके पर पहुंच गईं। हालांकि, जब तक पुलिस वहां पहुँची, तब तक घायल छात्र को स्थानीय लोग और उसके दोस्त अस्पताल पहुंचा चुके थे। बाद में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने उस किशोर को बेहोश और वेंटिलेटर सपोर्ट पर पाया। अधिकारियों ने बताया कि साहिल को शुरू में मूलचंद अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसके बाद उसे बेहतर इलाज के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने बताया कि किशोर की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और वह फिलहाल वेंटिलेटर सपोर्ट पर है, हालांकि अभी उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### मकान विवाद में देवर और देवरानी के खिलाफ परिवाद दर्ज करने का आदेश

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 27 मई।** लोनी क्षेत्र के विकासनगर में मकान को लेकर चल रहा पारिवारिक विवाद अदालत पहुंच गया। महिला पिंकी त्यागी ने अपने देवर प्रवीण त्यागी और देवरानी पूजा त्यागी पर परिवार को परेशान करने, गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। अदालत ने सुनवाई के बाद मामले को परिवाद के रूप में दर्ज करने के आदेश दिए हैं। अगली सुनवाई के लिए 27 जुलाई की तारीख तय की है। शिकायत के अनुसार पिंकी त्यागी का विकास नगर में मकान है, जहां उनके सास ससुर रहते हैं। आरोप है कि उनके देवर और देवरानी मकान पर कब्जा करने का प्रयास करते हैं और परिवार पर लगातार दबाव बनाते हैं। मामले में कहा गया है कि 11 फरवरी 2026 की शाम करीब पांच बजे पीड़िता के पति अपने माता पिता से मिलने घर पहुंचे थे। आरोप है कि उसी दौरान देवर और देवरानी ने गाली गलौज शुरू कर दी। दोनों छत से पत्थर फेंकने लगे। इसके बाद 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि मामले की शिकायत थाना अंकुर विहार और संबंधित अधिकारियों को दी गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद कोर्ट का रुख किया। सुनवाई के दौरान अदालत ने माना कि मामला प्रथम दृष्टया पारिवारिक विवाद से जुड़ा है। अदालत ने पुलिस जांच के बजाय शिकायत को परिवाद के रूप में दर्ज करने का आदेश दिया।

### दूसरे समुदाय के युवक से शादी करने पर ससुरालियों किया हंगामा, दो गिरफ्तार

**खोड़ा, यूटर्न/ 27 मई।** खोड़ा के वंदना एंक्लेव निवासी कुणाल के साथ उनके ससुरालियों ने मारपीट कर पत्नी को ले जाने का प्रयास किया। विरोध करने पर ससुरालियों ने कुनाल और उनके परिजन से भी मारपीट की। पीडित ने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को बुलाया। मामला 24 मई की देर रात का है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर युवती के पिता कौसर और चाचा हबीब को गिरफ्तार किया है।

एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि कुणाल ने करीब डेढ़ माह पहले मुस्लिम समुदाय की युवती से प्रेम विवाह किया था। युवती के परिजन इस बात से नाराज थे। 24 मई की रात युवती के पिता कौशर अपने भाई हबीब के साथ कुणाल के घर पहुंचे। युवक ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि दोनों उनकी पत्नी को जबरन अपने साथ दिल्ली ले जाने का दबाव बनाने लगे।

# पुलिस-बदमाश के बीच मुठभेड़, गैंगस्टर-आर्म्स एक्ट समेत कई धाराओं में मुकदमे हैं दर्ज

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।

गौतमबुद्धनगर के जारचा थाना क्षेत्र में बुधवार को पुलिस और एक शातिर बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने मौके से अवैध तमंचा, कारतूस और बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल बदमाश के खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में 17 मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार, दिनांक 27 मई को जारचा पुलिस बुलंदशहर बॉर्डर स्थित समाना नहर के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रुकने का इशारा किया लेकिन वह भागने लगा। खुद को पुलिस से घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।

पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी



कार्रवाई की जिसमें मोटरसाइकिल सवार बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल की पहचान शहजाद (30) निवासी ग्राम कलौंदा, थाना जारचा, गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, दो कारतूस और बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद की है। घटना के बाद पुलिस ने घायल बदमाश को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

पुलिस द्वारा आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच की गई तो सामने आया कि उसके खिलाफ बुलंदशहर जिले के विभिन्न थानों में चोरी, नकबजनी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के तहत कुल 17 मुकदमे दर्ज हैं।

# 9.58 लाख रुपए की साइबर ठगी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।

पूर्वी दिल्ली के साइबर थाना पुलिस ने 9.58 लाख रुपए की साइबर ठगी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक बुजुर्ग केयरटेकर के भरोसे का फायदा उठाकर उनके क्रेडिट कार्ड की जानकारी का दुरुपयोग किया और सोने के सिक्कों की खरीदारी कर लाखों रुपए की ठगी की। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने करीब 50 ग्राम वजन के सोने के चार सिक्के भी बरामद किए हैं।

यह पूरा मामला उस वक्त सामने आया जब मधुबन एन्क्लेव निवासी कृष्णा गुप्ता ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि उनके इंडसइंड बैंक के क्रेडिट कार्ड का बिना अनुमति इस्तेमाल कर कई ट्रांजैक्शन किए गए, जिससे उन्हें 9 लाख 58 हजार 51 रुपए का नुकसान हुआ। शिकायत के आधार पर साइबर थाना ईस्ट में 14 मई 2026 को बीएनएस की धाराओं 318(4), 303(2), 317(2) और 361(2) के तहत ई-एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के लिए एसीपी ऑपरेशन पवन कुमार की निगरानी में इंस्पेक्टर पवन यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई, जिसमें डब्ल्यूएसआई रिंकी, हेड कांस्टेबल कुलदीप, हेड कांस्टेबल पारस और डब्ल्यूएचसी पूनम शामिल थे। पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज की जांच, फील्ड सर्विलांस और दिल्ली व उत्तर प्रदेश स्थित ज्वेलरी दुकानों से




खरीदारी रिकॉर्ड की पड़ताल की। जांच के दौरान तीन आरोपियों की संलिप्तता सामने आई, जिसके बाद तकनीकी और स्थानीय इनपुट के आधार पर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस की जांच में यह खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपी निशांत कुमार शिकायतकर्ता के यहां नर्सिंग अटेंडेंट और केयरटेकर के रूप में काम करता था। उसने भरोसे का फायदा उठाते हुए बिना अनुमति क्रेडिट कार्ड की जानकारी हासिल की और उसी का इस्तेमाल कर सोने के सिक्के खरीदे। इस साजिश में उसने अपने भाई निकिल कुमार को भी शामिल किया, जो पूरे नेटवर्क में हैंडलर और सहयोगी की भूमिका निभा रहा था। वहीं, तीसरा आरोपी यश शर्मा दिल्ली के नजफगढ़ और उत्तर प्रदेश के मेरठ स्थित ज्वेलरी दुकानों पर जाकर खुद को कार्ड का असली उपयोगकर्ता बताकर चोरी की गई कार्ड डिटेल्स से सोने के सिक्के खरीदता था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकलपुरी इलाके के शक्ति गार्डन, साबोली निवासी निशांत कुमार, निकिल कुमार और यश शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने करीब 55 ग्राम सोना खरीदा था, जिसमें से लगभग 50 ग्राम वजन के चार सोने के सिक्के बरामद कर लिए गए हैं। एक अन्य सिक्के और अपराध से जुड़ी रकम की बरामदगी के लिए आगे की जांच जारी है।

पुलिस ने लोगों को सलाह दी है कि वे अपने बैंकिंग और क्रेडिट कार्ड से जुड़ी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखें। ओटीपी, पिन, सीवीवी और कार्ड नंबर जैसी संवेदनशील जानकारी किसी भी व्यक्ति, घरेलू कर्मचारी या परिचित के साथ साझा न करें। किसी भी संदिग्ध या अनधिकृत बैंकिंग लेनदेन की स्थिति में तुरंत संबंधित बैंक, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

# हुंडई मोटर इंडिया ने जून से गाड़ियों की कीमतों को 12,800 रुपए तक बढ़ाने का ऐलान किया

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।**




हुंडई मोटर इंडिया ने बुधवार को जून से अपने वाहनों की कीमतों में 12,800 रुपए तक बढ़ाने का ऐलान किया। कंपनी ने इसकी वजह कच्चे माल की बढ़ती लागत, वस्तुओं की ऊंची कीमतों और परिचालन खर्चों में वृद्धि को बताया। कंपनी ने कहा कि कीमतों में वृद्धि की मात्रा मॉडल और वेरिएंट के आधार पर अलग-अलग होगी। कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में कहा,'हुंडई कारों की कीमतों में वृद्धि के संबंध में 8 अप्रैल, 2026 को प्रस्तुत किए गए हमारे पूर्व पत्र के क्रम में, बाजार की मौजूदा स्थितियों को ध्यान में रखते हुए और ग्राहकों के हितों के प्रति संतुलित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए, हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि नई कीमतें अब 1 जून, 2026 से प्रभावी होंगी।' कंपनी ने कहा कि बढ़ती इनपुट लागत, वस्तुओं की बढ़ती कीमतों और उच्च परिचालन खर्चों सहित अन्य कारणों से कीमतों में वृद्धि आवश्यक हो गई है। हालांकि, कंपनी लागत को कम करने और ग्राहकों पर पड़ने वाले प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन उसे बढ़ी हुई लागत का एक हिस्सा 'मामूली' मूल्य वृद्धि के माध्यम से बाजार में डालना पड़ रहा है।

कंपनी ने बताया कि संशोधित कीमतें 1 जून से हुंडई के सभी मॉडलों पर लागू होंगी। इससे पहले, एक अन्य प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी, मारुति सुजुकी इंडिया ने भी इसी महीने से 30,000 रुपए तक की मूल्य वृद्धि की घोषणा की थी।

# केंद्रीय कैबिनेट ने अगले पांच वर्षों के लिए 25,530 करोड़ की 'सार्थक' पीडीएस योजना को दी मंजूरी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने बुधवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में राशन परिवहन और हैंडलिंग-आय में स्वचालन के लिए सहायता योजना (सार्थक पीडीएस) को अगले पांच वर्षों के लिए एक अंब्रेला योजना के रूप में जारी रखने को मंजूरी दे दी। इस योजना के लिए केंद्र सरकार की हिस्सेदारी के तौर पर 25,530 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सीसीईए ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा खाद्यान्नों की राज्य के भीतर आवाजाही और हैंडलिंग पर किए गए खर्च, एफपीएस डीलरों के मार्जिन को पूरा करने के लिए केंद्रीय सहायता के मानदंडों को संशोधित करने और केंद्रीय सहायता के मौजूदा फंडिंग पैटर्न को जारी रखने का भी निर्णय लिया है। बयान में कहा गया है कि इस योजना को 16वें वित्त आयोग की आबंटन अवधि में एक 'अम्ब्रेला योजना' के रूप में तैयार किया गया है। यह योजना एनएफएसए के तहत खाद्यान्नों के अंतर-राज्यीय आवागमन और एफपीएस डीलरों के मार्जिन के लिए राज्य एजेंसियों को सहायता और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में प्रौद्योगिकी के माध्यम से आधुनिकीकरण और सुधार की योजना (स्मार्ट पीडीएस) को एकीकृत करती है, ताकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (एनएफएसए) के कार्यान्वयन को व्यापक रूप से मजबूत किया जा सके।

सार्थक पीडीएस योजना का उद्देश्य अंतरराज्यीय आवागमन, हैंडलिंग और एफपीएस डीलर के मार्जिन के लिए सुनिश्चित वित्तीय सहायता प्रदान करना, और एक एकीकृत, नागरिक-केंद्रित, बुद्धिमान और अंतरसंचालनीय पीडीएस संरचना प्रदान करना है, जो अंतिम दूरी तक वितरण सुनिश्चित करती है। लीकेज को कम करती है और एनएफएसए के तहत खाद्य सुरक्षा के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। यह एकीकृत योजना 31 मार्च, 2031 तक संचालित रहेगी।

सार्थक पीडीएस योजना का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), स्वाभाविक भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी) और ब्लॉकचेन जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों के माध्यम से पीडीएस संचालन को आधुनिक बनाना, एकीकृत करना और बुद्धिमत्तापूर्वक अनुकूलित करना है। इसके लिए तत्क्षण निगरानी के लिए मानकीकृत संरचनाएं और एकीकृत डेटाबेस, एआई-संचालित शिकायत और विश्लेषण प्रणाली, डेटा-संचालित निरीक्षण के लिए राज्य कमांड नियंत्रण केंद्र और पीडीएस संचालन में पारदर्शिता, सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए आईएसओ-प्रमाणित प्रसंस्करण संरचनाएं तैयार की गई हैं। गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्नों की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराकर उन्हें भोजन और पोषण सुरक्षा प्रदान करना भारत सरकार की देशवासियों के प्रति सामाजिक और कानूनी प्रतिबद्धता है ताकि वे गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित कर सकें।

# बड़े बैंकों की चमक फीकी, छोटे बैंक बने निवेशकों की पसंद!

### बंधन, आरबीएल, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने चौंकाया, बढ़ा निवेशकों का भरोसा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।**



भारतीय बैंकिंग सेक्टर चौथी तिमाही के नतीजों के बाद एक दिलचस्प मोड़ पर खड़ा है। जहां एक ओर एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई जैसे दिग्गज बैंक निवेशकों की उम्मीदों पर पूरी तरह खरे नहीं उतर पाए, वहीं बंधन बैंक, आरबीएल बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक जैसे छोटे और मझोले खिलाड़ी निवेशकों की नई पसंद बनकर उभर रहे हैं। मार्जिन पर बढ़ता दबाव और जमा जुटाने की बढ़ती लागत ने बड़े बैंकों की चिंताएं बढ़ा दी हैं, जबकि भू-राजनीतिक अनिश्चितता और आगामी नियामक बदलाव भी सेक्टर के लिए नई चुनौतियां पेश कर रहे हैं। ऐसे में निवेशक अब केवल बड़े नामों पर नहीं, बल्कि बदलती आर्थिक परिस्थितियों और नियामक सुधारों के बीच उभरने वाले नए अवसरों पर भी ध्यान दे रहे हैं। चौथी तिमाही के नतीजों में सबसे ज्यादा चर्चा मार्जिन और डिपॉजिट ग्रोथ की रही। बैंकों को अब ग्राहकों से ज्यादा ब्याज देकर जमा पूंजी जुटानी पड़ रही है, जिससे उनकी कमाई पर सीधा असर पड़ रहा है। यह दबाव खास तौर पर बड़े प्राइवेट और सरकारी बैंकों में देखा गया, जिसके चलते उनके शेयर बाजार में दबाव में दिखे। एंटीक स्टॉक ब्रोकिंग की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक अनिश्चितता का असर भी भारतीय बैंकिंग सेक्टर पर दिख रहा है, जो मार्जिन संबंधी चुनौतियों को और बढ़ा रहा है।

सरकारी बैंकों पर दोहरी मार और भविष्य की चुनौतियां: सरकारी बैंकों पर मार्जिन संबंधी दबाव का असर ज्यादा गहरा दिखा, क्योंकि उनकी ट्रेजरी इनकम भी कमजोर रही। बॉन्ड यील्ड बढ़ने की वजह से कई बैंकों को ट्रेडिंग लॉस उठाना पड़ा। इतना ही नहीं, आने वाले समय में एक्सपेक्टेड क्रेडिट लॉस (ईसीएल) फ्रेमवर्क लागू होने और वेतन संशोधन का दबाव भी इन बैंकों की कमाई को प्रभावित कर सकता है। इन चुनौतियों के बावजूद, सरकारी बैंकों में एसबीआई को बाकी बैंकों के मुकाबले बेहतर स्थिति में माना गया है, जो उसकी मजबूत बैलेंस शीट और बाजार हिस्सेदारी को दर्शाता है।

# भुगतान में अनियमितता के आरोपों के बाद एचडीएफसी बैंक के शेयर 2 प्रतिशत से अधिक फिसले

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।** देश के सबसे बड़े निजी बैंक एचडीएफसी बैंक के शेयर में बुधवार को गिरावट देखने को मिली। इसकी वजह एक रिपोर्ट में बैंक की आंतरिक शासन प्रक्रियाओं के बारे में चिंताएं जताना और अनियमित भुगतान का आरोप लगना है। एचडीएफसी बैंक का शेयर दोपहर 12:30 बजे 2.27 प्रतिशत की कमजोरी के साथ दिन के निचले स्तर 761.20 रुपए पर था। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, एचडीएफसी बैंक की ऑडिट कमेटी ऑफ द बोर्ड (एसीबी) ने 12 मार्च को वित्त वर्ष 2024 और 2025 के दौरान महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमएसआरडीसी) को किए गए 45 करोड़ रुपए के भुगतान की औपचारिक आंतरिक सतर्कता जांच का आदेश दिया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि ये भुगतान कथित तौर पर एमएसआरडीसी द्वारा बैंक में जमा की गई राशि पर दिए जाने वाले अलग-अलग ब्याज दरों से जुड़े थे। रिपोर्ट के अनुसार, राज्य एजेंसी को ब्याज भुगतान के रूप में सीधे जमा किए जाने के बजाय, धनराशि कथित तौर पर बैंक के मार्केटिंग डिपार्टमेंट के माध्यम से भेजी गई और चार स्थानीय विक्रेताओं के माध्यम से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में योगदान के रूप में दिखाई गई।




# अदाणी समूह का मार्केटकैप करीब 20 लाख करोड़ रुपए हुआ, 2026 में जोड़े 5 लाख करोड़ रुपए

**अहमदाबाद, यूटर्न/ 27 मई।** अदाणी समूह की कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में तेज वृद्धि देखने को मिली है और इससे ग्रुप का कुल मार्केटकैप बढ़कर करीब 20 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है।

मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और निवेशकों के विश्वास के कारण अदाणी समूह का बाजार मूल्यांकन इस वर्ष की शुरुआत से अब तक 5 लाख करोड़ रुपए बढ़ गया है। समूह की कंपनियों में, इस वर्ष अदाणी पावर ने बाजार मूल्यांकन में सबसे अधिक योगदान दिया है। कंपनी का वर्तमान बाजार पूंजीकरण 4,79,167 करोड़ रुपए है, जो इसे समूह की सबसे मूल्यवान कंपनी बनाता है। इसने 2026 में अब तक अपने बाजार पूंजीकरण में 2,02,511 करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज की है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) 4,20,611 करोड़ रुपए के बाजार पूंजीकरण के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि अदाणी एंटरप्राइजेज का मार्केट 3,82,634 करोड़ रुपए है। इस साल की शुरुआत से अब तक अदाणी एंटरप्राइजेज का मार्केटकैप 93,051 करोड़ रुपए और अदाणी पोर्ट्स का बाजार पूंजीकरण 82,222 करोड़ रुपए बढ़ गया है। अदाणी ग्रीन एनर्जी का बाजार पूंजीकरण 2,44,177 करोड़ रुपए है, जबकि अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का बाजार पूंजीकरण 1,83,700 करोड़ रुपए हो गया है। समीक्षा अवधि में अदाणी ग्रीन एनर्जी का मार्केटकैप 77,000 करोड़ रुपए और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का बाजार पूंजीकरण 60,780 करोड़ रुपए बढ़ा है।

# भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स सपना, क्या चीन की बाधा से रुकेगी रफ्तार?

### 500 अरब डॉलर के उत्पादन लक्ष्य पर मंडराया संकट, एप्पल की निर्भरता भी चुनौती

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।**



मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों के प्रमुख संगठन इंडियन सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने भारत की महत्वाकांक्षी 'चाइना प्लस वन' रणनीति पर चीन के नए नियमों से उत्पन्न खतरे के मद्देनजर सरकार से तत्काल एक बड़ा अंतर-मंत्रालयी समूह गठित करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि चीन के हालिया फैसले कंपनियों की वैश्विक सप्लाई चेन और कारोबारी विविधीकरण की योजनाओं को बाधित कर सकते हैं, जिससे भारत के तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और निर्यात लक्ष्यों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। आईसीईए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पिछले हफ्ते कैबिनेट सचिव को इस संबंध में एक विस्तृत पत्र लिखा है। इसके अनुसार चीन ने अप्रैल में दो नए नियम लागू किए हैं, जो कंपनियों के डेटा इस्तेमाल, सप्लाई चेन बदलने और कारोबार दूसरे देशों में शिफ्ट करने पर अत्यधिक सरकारी नियंत्रण स्थापित करते हैं। इन नियमों का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि यदि कोई चीनी कंपनी भारत में फैक्टरी लगाने या अपने कारोबार को चीन से बाहर शिफ्ट करने का निर्णय लेती है, तो उसके अधिकारियों पर व्यक्तिगत कार्रवाई भी हो सकती है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब कोरोना महामारी के बाद दुनियाभर की कंपनियां चीन पर अपनी निर्भरता कम करते हुए भारत जैसे वैकल्पिक विनिर्माण हब की तलाश में हैं, जिसे चाइना प्लस वन रणनीति के नाम से जाना जाता है। भारत इस रणनीति का बड़ा लाभार्थी बनना चाहता है, खासकर मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में।

संगठन ने चिंता जताई है कि चीन के ये नियम भारत में विदेशी निवेश के प्रवाह, सप्लाई चेन के विविधीकरण और घरेलू विनिर्माण की गति को गंभीर रूप से बाधित कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### डस्टर का नया पिकअप अवतार नियाग्रा जल्द होगा पेश

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।** रेनॉल्ट कंपनी ने अपनी लोकप्रिय एसयूवी डस्टर के नए पिकअप अवतार नियाग्रा की पहली आधिकारिक झलक पेश की है, जिसने ऑटोमोबाइल प्रेमियों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है। लंबे समय से चर्चा में रहे इस मॉडल को आधुनिक तकनीक और मजबूत डिजाइन के साथ तैयार किया जा रहा है, जिसका लक्ष्य उन ग्राहकों को आकर्षित करना है जो एसयूवी जैसी आरामदायक ड्राइविंग के साथ पिकअप वाहन की उपयोगिता भी चाहते हैं। कंपनी आगामी 10 सितंबर को इस वाहन का आधिकारिक अनावरण करेगी। शुरुआती चरण में इसका निर्माण अर्जेंटीना में किया जाएगा और सबसे पहले इसे दक्षिण अमेरिकी बाजारों में उतारा जाएगा। यह पिकअप पारंपरिक भारी-भरकम ट्रकों की तरह लैडर-फ्रेम चेसिस के बजाय मोनोकॉक प्लेटफॉर्म पर आधारित होगा। इससे इसमें एसयूवी जैसी आरामदायक सवारी मिलने की उम्मीद है, जो इसकी एक बड़ी खासियत है। जारी टीजर में वाहन के पिछले हिस्से की झलक दिखाई गई है, जहां बड़े अक्षरों में नियाग्रा लिखा नजर आता है और एक उपयोगी ड्रॉप-डाउन टेलगेट भी दिया गया है।

### ग्राहक तेजी से ऑटोमैटिक कारों की ओर कर रहे हैं रुख

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।** आसान ड्राइविंग और बार-बार गियर बदलने की झंझट से राहत मिलने के कारण लोग तेजी से ऑटोमैटिक कारों की ओर रुख कर रहे हैं। यही वजह है कि भारत में ऑटोमैटिक कारों की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। इस बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि कई लोग अनजाने में ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिससे कार का गियरबॉक्स खराब हो सकता है और भारी खर्च उठाना पड़ सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, सबसे बड़ी गलती चलती कार में गियर बदलना है। कई लोग कार पूरी तरह रोके बिना ड्राइव मोड से रिवर्स या पार्क मोड में शिफ्ट कर देते हैं। ऐसा करने से गियरबॉक्स के अंदरूनी हिस्सों पर भारी दबाव पड़ता है और इसके खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए गियर बदलने से पहले कार को पूरी तरह रोकना जरूरी है। ढलान या फ्लाईओवर से उतरते समय कार को न्यूट्रल मोड में डालना भी नुकसानदायक माना जाता है। कई लोग माइलेज बचाने के लिए ऐसा करते हैं, लेकिन इससे कार पर नियंत्रण कम हो जाता है और गियरबॉक्स तक ऑयल सप्लाई प्रभावित होती है। इससे गियर के पुर्जे गर्म होकर जल्दी खराब हो सकते हैं। ट्रैफिक सिग्नल पर बार-बार पार्क मोड का इस्तेमाल करना भी सही नहीं माना जाता। पार्क मोड केवल गाड़ी खड़ी करने के लिए होता है।

## संक्षिप्त खबरें

### 730 ग्राम की समय से पहले जन्मी बच्ची ने जीती जिंदगी की जंग

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 27 मई।** सेक्टर-8 स्थित सर्वोदय अस्पताल में 730 ग्राम वजन के साथ समय से पहले जन्मी बच्ची को 66 दिन तक नवजात गहन चिकित्सा इकाई में उपचार देने के बाद छुट्टी दे दी गई। जन्म के समय बच्ची की हालत बेहद नाजुक थी और उपचार के दौरान उसे कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा।

सर्वोदय अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार जन्म के शुरुआती दिनों में बच्ची को दूध पचाने में दिक्कत और आंतों में संक्रमण की आशंका रही। करीब 22 दिनों तक उसकी लगातार निगरानी की गई। उपचार के बाद उसकी स्थिति में सुधार होने लगा और 28 दिन तक उसे सामान्य रूप से दूध दिया जाने लगा। उपचार के दौरान 51वें दिन बच्ची को मेनिन्जाइटिस हो गया। साथ ही उसे सांस रुकने और हृदय गति धीमी होने जैसी समस्याएं भी हुईं, जिसके कारण उसे तुरंत हृदय पुनर्जीवन प्रक्रिया और कृत्रिम श्वसन सहायता देनी पड़ी। चिकित्सकों की टीम ने गहन उपचार और लगातार निगरानी के जरिए उसकी स्थिति को नियंत्रित किया।

### पांच महीने से चल रहा पाइप लाइन डालने का काम

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 27 मई।** सेक्टर-9, 10 की डिवाइडिंग रोड पर बारिश के पानी की निकासी के लिए पिछले पांच महीने से पाइप लाइन डालने का कार्य चल रहा है। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में लापरवाही की जा रही है। निवासी कैलाश शर्मा का कहना है कि पानी निकासी के लिए बनाए गए जंक्शन हॉल पर ढक्कन तो लगा दिए गए, लेकिन उनमें जमा मिट्टी और कूड़ा साफ नहीं किया गया। सड़क पर जमा पानी की निकासी प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। इसके साथ ही बरसात के मौसम में हालात और भी ज्यादा बुरे हो सकते हैं।

### कंक्रीट मिक्सर और कार की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 27 मई।** बाटा मेट्रो स्टेशन के पास मंगलवार दोपहर एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही डायल-112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल बाइक सवार को बीके अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार एक कंक्रीट मिक्सर वाहन चालक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी लोहे की ग्रिल में जा घुसी। इसी दौरान दोनों वाहनों की चपेट में एक मोटरसाइकिल सवार भी आ गया।

## 6.60 लाख की ठगी में खाता मुहैया करवाने वाला गिरफ्तार

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 27 मई।**

शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर करीब 6.60 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ पुलिस ने बैंक खाता मुहैया करवाने वाले आरोपी को रविवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के गांव बैरवा नानकार निवासी अंशुमन सिंह उर्फ वैभव के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी अंशुमन साइबर ठगों को बैंक



खाते मुहैया करवाता था। उसने खाताधारक सोनू और प्रशांत के खाते लेकर आगे ठगों को दिए थे। इनमें से एक खाते में ठगी के करीब 2.35 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस के अनुसार आरोपी ने बी-फार्मा की पढ़ाई कर रखी है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार सेक्टर-8 निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि उसने फेसबुक पर शेयर मार्केट में निवेश पर मोटा मुनाफा कमाने से जुड़ा एक विज्ञापन देखा था।

इसके बाद उसे नामक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। ठगों ने पीड़ित को प्ले स्टोर से एक एप डाउनलोड करवाया और अलग-अलग बैंक खातों में करीब 6.60 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। बाद में उसके ट्रेडिंग अकाउंट में 30 लाख रुपये का आईपीओ दिखाकर और पैसे जमा करवाने का दबाव बनाया गया। पैसे नहीं मिलने पर ठगी का एहसास हुआ।

## कोल्ड ड्रिंक लेने रुके युवक पर हमला, फोन तोड़ा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 27 मई।** खेड़ीपुल थाना क्षेत्र में 22 मई को 6-7 बदमाशों ने कोल्ड ड्रिंक लेने रुके एक युवक को पीट दिया। इसके बाद बदमाशों ने मोबाइल फोन तोड़कर जान से मारने की धमकी दी और मौके से भाग गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर नामजद आरोपियों सहित अन्य के खिलाफ सोमवार को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जीवन नगर निवासी आशु कुमार गुप्ता ने दी शिकायत में बताया कि 22 मई की रात करीब 10 बजे वह बाईपास रोड स्थित एक ढाबा से खाना लेकर अपनी कंपनी जा रहा था। रास्ते में वह गैस एजेंसी के पास स्थित एक मिठाई की दुकान पर कोल्ड ड्रिंक लेने के लिए रुका। इसी दौरान वहां एक बाइक आकर रुकी, जिस पर मुकेश पाल और एक अन्य युवक सवार थे। आरोप है कि मुकेश पाल ने आते ही उसे थप्पड़ मार दिया। पीड़ित के अनुसार, तभी एक एक गाड़ी वहां पहुंची, जिसमें से 4-5 युवक बाहर निकले। इनमें सन्नी, अभिजीत और विपिन नाम के युवक शामिल थे, जबकि दो अन्य को वह नहीं पहचानता। सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उसका मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिया और जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी। घायल युवक का मेडिकल करवाया गया, जिसमें शरीर पर कई चोटों की पुष्टि हुई है।

## खाली मकान पर 12 राउंड फायरिंग

### पड़ोसी के मकान पर चस्पा मिला धमकी भरा पत्र



» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 27 मई।**

शहीद नगर जवाहर पार्क इलाका सोमवार देर रात को गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्रा उठा और आसपास के लोगों में अफर-तफरी मच गई। बाइक सवार दो बदमाशों ने एक मकान पर ताबड़तोड़ 10-12 राउंड फायरिंग की। गनीमत यह नहीं कि मकान खाली था। वारदात के बाद बदमाश धमकी भरा पत्र पड़ोसी कपड़ा व्यापारी भारत शर्मा के गेट पर चस्पा करके भाग गए। पत्र में लिखा कि...अगली बारी तेरी है। वारदात के बाद डायल 112 की सूचना पर पुलिस पहुंची और मौके से खोखे 10 खोखे भी बरामद कर जांच शुरू कर दी है। कपड़ा व्यापारी की ओर से मिली शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

शहीदनगर जवाहर पार्क निवासी कपड़ा व्यापारी भारत शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार देर रात वह शालीमार गार्डन स्थित दुकान से घर लौटे थे। कुछ ही देर बाद अचानक उनके बराबर वाले मकान पर गोलियां चलने लगी। 10-12 राउंड फायरिंग के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। निवासियों ने शोर मचाया तो बदमाश बाइक से भाग गए। बदमाशों की गोलियां मकान की दीवार, गेट और पड़ोसी यशपाल भाटी की पार्किंग में खड़ी कार में लगीं। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन के दौरान 10 खोखे बरामद किए। व्यापारी ने बताया कि रात को हुई वारदात के बाद 26 मई की सुबह 6 बजे वह टहलने के लिए गेट से बाहर निकले तो उन्होंने देखा कि दरवाजे पर एक पत्र चस्पा रखा था। उसमें लिखा था कि अगली बारी तेरी है। धमकी भरी चिट्ठी के बाद पूरा परिवार दहशत में है। व्यापारी ने जान का खतरा जताया है।

#### व्यापारी का न झगड़ा न लेनदेन का विवाद, उलझी धमकी की गुत्थी

कपड़ा व्यापारी भारत शर्मा ने बताया कि उनकी शालीमार गार्डन में दुकान है। उनका न तो किसी से झगड़ा है और न ही किसी व्यक्ति से लेनदेन का विवाद है। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि वारदात के बाद ज्यादातर लोग मौके पर थे और उस समय तक दरवाजे के पास कोई चिट्ठी चस्पा नहीं थी। पुलिस भी जांच कर रही थी और उस समय भी कोई धमकी भरा पत्र दरवाजे पर नहीं दिखा था। बड़ा सवाल यह है कि व्यापारी के गेट पर सुबह धमकी भरा पत्र चस्पा मिला है। इस तथ्य ने पुलिस को पूरी तरह उलझा दिया है। हालांकि जांच में यह भी सामने आया है कि फायरिंग करने वाले बदमाश दिल्ली की ओर से आए थे और उसी रास्ते से भाग गए।

#### जिस मकान पर फायरिंग, विवादों से घिरा है वह

पुलिस की जांच में सामने आया है कि जिस मकान पर बदमाशों ने फायरिंग की है, वह दिल्ली निवासी आशा देवी का है। उसमें कई साल से फाइनेंस कंपनी के मालिक संजय गुप्ता परिवार के साथ किराये पर रहते थे। कुछ माह पहले मकान मालिक और संजय गुप्ता के बीच विवाद हुआ तो उसने किराया देना बंद कर दिया।

पुलिस ने बताया कि संजय पर 5 से 6 लाख रुपये किराया बकाया है। तीन माह पहले आशा देवी ने वाद दायर कर न्यायालय के आदेश से मकान तो खाली करा लिया, लेकिन बकाया नहीं मिला है। इसके अलावा पुलिस को संदेह है कि कहीं फाइनेंस कंपनी के मालिक का तो किसी से विवाद नहीं हुआ है और बदमाश समझ रहे हो कि वह इसी मकान में रहते होंगे। हालांकि पुलिस का यह केवल संदेह है। असल बात तो जांच में ही सामने आएगी।

खाली मकान पर 10-12 राउंड फायरिंग करने वाले बदमाश दिल्ली की ओर भागे हैं। दो टीमर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से बदमाशों की पहचान का प्रयास जारी है। अभी तक कपड़ा व्यापारी का कोई विवाद सामने नहीं आया है। बदमाशों को जल्द ही गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

**अमित सक्सेना, प्रभारी एसीपी साहिबाबाद**

### लीलावती अस्पताल में भ्रूण लिंग जांच केंद्र का खुलासा, चार पर एफआईआर

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 27 मई।** स्वास्थ्य विभाग ने भ्रूण लिंग जांच के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सोमवार की देर रात एनआईटी-1 स्थित लीलावती अस्पताल में छापे मारे। यह कार्रवाई फरीदाबाद और गुरुग्राम की संयुक्त टीम ने की। मामले में पीएनडीटी एक्ट के तहत कोतवाली थाने में चार लोगों ओमप्रकाश, अंजलि, विष्णु और डॉ. जी.के. पचौरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग को लंबे समय से अस्पताल में अवैध भ्रूण लिंग जांच करने की सूचना मिल रही थी। इसके बाद विभाग ने विशेष टीम गठित कर एक महिला को डिकॉय मरीज बनाकर अस्पताल भेजा। जांच के दौरान पहले 36 हजार रुपये की मांग की गई, लेकिन बाद में 20 हजार रुपये में सौदा तय हो गया। पुष्टि मिलते ही संयुक्त टीम ने अस्पताल में छापा मार दिया। कार्रवाई के दौरान अस्पताल से कई उपकरण, रिकॉर्ड और दस्तावेज कब्जे में लिए गए। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ भी की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मामले में शामिल ओमप्रकाश 12वीं पास है। वहीं, डॉ. जी.के. पचौरी का नाम पलवल क्षेत्र के एक क्लीनिक से जुड़ा बताया जा रहा है।

## दिल्ली पुलिस ने कुख्यात अपराधी को किया गिरफ्तार, 40 से ज्यादा मामलों में है आरोपी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मई।**

दिल्ली पुलिस की पश्चिमी जिला टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 40 से अधिक मामले के आरोपी कुख्यात लुटेरे और घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से लूटे गए 13 हजार रुपए नकद और वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान राहुल (28) के रूप में हुई है, जो उत्तम नगर इलाके का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ लूट, झपटमारी और अन्य अपराधों के 40 से अधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा वह दिल्ली पुलिस के छह अलग-अलग मामलों में घोषित अपराधी भी रह चुका है।

पुलिस ने बताया कि 23 मई 2026 की रात करीब 10:43 बजे थाना ख्याला में लूट की घटना को लेकर पीसीआर कॉल मिली थी। मामले




की जांच एएसआई ईश्वरी लाल को सौंपी गई।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह ख्याला गांव से अपने घर उत्तम नगर लौट रहा था। इसी दौरान विष्णु गार्डन स्थित पटेल चौक के पास स्कूटी सवार एक युवक ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोपी ने पहले उससे झगड़ा किया और फिर उसकी शर्ट पकड़कर जेब में रखे 15 हजार रुपए लूटकर फरार हो गया।

घटना के बाद थाना ख्याला में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी निगरानी के जरिए आरोपी की पहचान की। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने राहुल को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटे गए 13 हजार रुपए और वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद की। पूछताछ और जांच में पता चला कि आरोपी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में शामिल है। उसके खिलाफ दिल्ली के विभिन्न थानों में 40 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त शरद भास्कर ने बताया कि मामले की आगे जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी अन्य किन-किन वारदातों में शामिल रहा है।

### वाहन की टक्कर से डिलीवरी बॉय गंभीर घायल

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 27 मई।** सेक्टर-28 मेट्रो स्टेशन के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से डिलीवरी बॉय गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक का पैर टूट गया। उसे पास के निजी अस्पताल, फिर दिल्ली के सफदरजंग और उसके बाद एक और अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना सेक्टर-31 पुलिस ने सोमवार को प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। दिल्ली के शाहदरा निवासी विक्की खन्ना ने शिकायत में बताया कि वह निजी कंपनी में पार्सल डिलीवरी का काम करता है। 15 मई को वह बाइक से लाजपत नगर दिल्ली से फरीदाबाद पार्सल देने आ रहा था।

### रिश्तेदार पर 60 लाख रुपये हड़पने का आरोप, परिवाद दर्ज

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 27 मई।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित बजरिया इलाके में दवा कारोबार से जुड़े एक विवाद में रिश्तेदार पर करीब 60 लाख रुपये हड़पने, पिटाई करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में अदालत ने सुनवाई के बाद शिकायत को परिवाद के रूप में दर्ज करने के आदेश दिए हैं। वादी सौदान सिंह ने अदालत को दी अर्जी में आरोप लगाया कि वर्ष 2018 में उसने अपने रिश्तेदार सोनू सिंह के साथ मिलकर मैसर्स सुपर ड्रग्स एजेंसी नाम से दवाइयों का थोक कारोबार शुरू किया था। यह दुकान थाना कोतवाली क्षेत्र के बजरिया स्थित राइटगंज पश्चिमी में किराए पर ली गई थी।



## 'शीशा' पर मस्ती भरे अंदाज में डांस करती नजर आई शहनाज

छोटे एक बार फिर पंजाबी फिल्म अभिनेत्री शहनाज गिल अपने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में हैं। शहनाज अक्सर अपने फैंस के साथ जिंदगी के खास पलों की झलक सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक नया वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह ट्रेंडिंग सॉन्ग 'शीशा' पर मस्ती भरे अंदाज में डांस करती नजर आ रही हैं। वीडियो में शहनाज अपनी टीम के साथ गाने की धुन पर झूमती और थिरकती दिखाई दे रही हैं। उन्होंने गाने के बोल और बीट्स के साथ शानदार तालमेल बैठाया है, जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। वीडियो शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, 'मेरा दिल मेरा ही है। शहनाज गिल।' उनके इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स लगातार प्रतिक्रिया दे रहे हैं और उनकी ऊर्जा व अंदाज की तारीफ कर रहे हैं। बता दें कि सोशल मीडिया पर तेजी से लोकप्रिय हो रहे गाने 'शीशा' को मित्ता रोर और स्वरा वर्मा ने अपनी आवाज दी है। गाने के बोल भी मित्ता रोर ने ही लिखे हैं।



## ऐश्वर्या राय और आराध्या की बॉन्डिंग की जमकर हुई तारीफ

लंबे समय बाद कान्स फिल्म फेस्टिवल में बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन ने शानदार अंदाज में वापसी की है। फिल्म फेस्टिवल में इस बार उनके साथ उनकी बेटी आराध्या बच्चन भी नजर आईं। मां-बेटी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। कान्स में ऐश्वर्या राय ने बेबी पिंक रंग का आकर्षक आउटफिट पहना, जिसमें फ्लोइंग केप स्लीव्स और चमकदार फूलों की कढ़ाई ने उनके लुक को बेहद खास बना दिया। उन्होंने अपने लुक को सॉफ्ट कर्ल्स, ग्लॉसी मेकअप और स्टेटमेंट ज्वेलरी के साथ पूरा किया, जिससे उनकी खूबसूरती और भी निखरकर सामने आई। हमेशा की तरह ऐश्वर्या ने अपने ग्रेस और एलिगेंस से रेड कार्पेट पर अलग छाप छोड़ी। वहीं आराध्या बच्चन ने भी अपने स्टाइल से सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने सैटिन रेड गाउन के साथ चमकदार केप पहनी थी, जो उनके लुक को बेहद रॉयल बना रही थी। फ्रेंच रिवेरा के खूबसूरत माहौल में मां-बेटी की यह जोड़ी किसी फिल्मी दृश्य जैसी नजर आई।

### 'लोग क्या कहेंगे, यह सोचकर मत रुकिए'

# रश्मि देसाई ने

## बॉडी शेमिंग झेल रहीं महिला का बढ़ाया हौसला



अभिनेता राजीव खंडेलवाल के होस्टिंग शो 'तुम हो ना' के आने वाले एपिसोड में एक प्रेरणादायक कहानी देखने को मिलेगी। दरअसल, इस एपिसोड में खास मेहमान बनकर आईं अभिनेत्री रश्मि देसाई ने कंटेस्टेंट बीना का हौसला बढ़ाया। बीना ने शो में खुलकर बताया कि उन्हें अपने वजन की वजह से बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि समाज अक्सर बाहरी रूप देखकर राय बना लेता है, लेकिन वह इन बातों से टूटना नहीं चाहतीं। शो में बीना ने अपनी बात रखते हुए कहा कि उनके लिए डांस एक इमोशन है। उन्होंने कहा, ''मैं मानती हूं कि डांस दिल से होता है, शरीर से नहीं। मैंने जिंदगी में कई मुश्किलें देखी हैं, लेकिन फिर भी अपने हुनर और सपनों को नहीं छोड़ा।'' बीना की कहानी सुनकर रश्मि देसाई काफी भावुक हो गईं। उन्होंने बीना को हिम्मत देते हुए कहा, ''दुनिया में लोग हमेशा कुछ न कुछ बोलते ही रहते हैं। अगर लोगों के पास बात करने के लिए कुछ नहीं होगा, तो वे किसी और टॉपिक पर बात करने लगेंगे। इसलिए दूसरों की सोच और बातों से खुद को रोकना सही नहीं है।'' रश्मि ने बीना से कहा, ''आप अपनी बेटी के लिए एक बड़ी प्रेरणा हैं। एक मां जब मुश्किल हालात में भी अपने सपनों के लिए लड़ती है, तो उसका असर बच्चों पर भी पड़ता है। इसलिए आप कभी हार न मानें और अपने डांस को जारी रखें।'' रश्मि देसाई ने समाज की सोच पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा, ''छोटे शहरों और कस्बों में अक्सर लोग दूसरों की जिंदगी को लेकर ज्यादा बातें करते हैं, क्योंकि वहां सोच का दायरा थोड़ा सीमित होता है। लेकिन आखिर में जिंदगी हर इंसान की अपनी होती है और उसे कैसे जीना है, यह फैसला भी खुद का होना चाहिए। किसी के ताने या आलोचना की वजह से अपने सपनों को रोक देना सही नहीं है।'' रश्मि ने महिलाओं की जिंदगी को लेकर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, ''शादी और बच्चों के बाद कई महिलाएं खुद को पीछे छोड़ देती हैं। उनकी प्राथमिकताएं बदल जाती हैं और वह परिवार के लिए जीने लगती हैं। यह एक आम बात है, क्योंकि ज्यादातर माताएं अपने बच्चों और परिवार को सबसे पहले रखती हैं। लेकिन इसके साथ यह भी जरूरी है कि महिलाएं अपने सपनों और अपनी पहचान को पूरी तरह न भूलें।'' उन्होंने अपने परिवार का उदाहरण देते हुए कहा, ''मुझे हमेशा अपने भाई का साथ मिला है। मेरे परिवार में बचपन से ही एक-दूसरे को सपोर्ट करना सिखाया गया। मैं मानती हूं कि परिवार का साथ किसी भी इंसान को जिंदगी में आगे बढ़ने की ताकत देता है।''



## फ्रेंच ओपन में सिनर का जलवा, पिछले साल की हार भुलाकर पहले दौर में हासिल की शानदार जीत

**पेरिस, यूटर्न/ 27 मई।** दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर मंगलवार को पिछले साल की निराशा वाली जगह पर एक शानदार प्रदर्शन के साथ लौटे और फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में धमाकेदार एंट्री की। कोर्ट फिलिप-चैट्रियर पर रोशनी के नीचे खेलते हुए, इस इटैलियन खिलाड़ी ने अपने पहले राउंड के मुकाबले में फ्रेंच वाइल्ड कार्ड क्लेमेंट टैबुर को 6-1, 6-3, 6-4 से हराकर एक जबरदस्त प्रदर्शन किया। लाल बजरी पर सिनर की इस पहली जीत ने उन्हें इस सदी में लगातार 30 या उससे ज्यादा मैच जीतने वाले पुरुषों की एक छोटी सी लिस्ट में शामिल कर दिया है, जिसमें रोजर फेडरर, राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच भी शामिल हैं। सिनर के लिए, फ्रेंच ओपन में वापसी सिर्फ. एक आम पहले राउंड के मुकाबले से कहीं ज्यादा मायने रखती थी। 12 महीने पहले, इसी कोर्ट पर उन्हें अपने करियर की सबसे दर्दनाक हार में से एक का सामना करना पड़ा था, जब फाइनल में कार्लोस अल्काराज के खिलाफ उन्होंने तीन चैंपियनशिप पॉइंट गंवा दिए थे। लेकिन अगर उस हार के कोई जख्म बाकी भी थे, तो टैबुर के खिलाफ उनके शांत और सधे हुए प्रदर्शन में उनका कोई निशान नहीं दिखा। सिनर ने कोर्ट पर दिए अपने इंटरव्यू में कहा, 'मैं यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। यह एक बहुत ही खास जगह है और यहां मेरी बहुत अच्छी यादें जुड़ी हैं। पहले राउंड के मैच कभी आसान नहीं होते, लेकिन रात के सेशन में टूर्नामेंट की शुरूआत करना और भी खास होता है, इसलिए आप सभी का यहां रुकने के लिए शुक्रिया।'



## होल्डर के सामने फिर असफल रहे विराट

**धर्मशाला, यूटर्न/ 27 मई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहले ही क्वालीफायर मुकाबले में शानदार जीत दर्ज कर आईपीएल के 19 वें सत्र के फाइनल में जगह बनायी है। इस मैच में आरसीबी ने 20 ओवर में विकेट खोकर 254 रनों का विशाल स्कोर बनाया जिसके जवाब में टाइटंस केवल 162 रन ही बना पायी। इस प्रकार आरसीबी ने 92 रनों से शानदार जीत हासिल की। इस मैच में कप्तान रजत पाटीदार ने बसेस अधिक 93 रन बनाये। वहीं अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली आक्रामक शुरूआत करने के बाद 43 रन बनाकर एक बार फिर जेसन होल्डर का शिकार बने। वह जिस तेजी से रन बना रहे थे, उसे देखकर लग रहा था कि वह आज एक बहुत बड़ी पारी खेलने वाले हैं पर होल्डर के आते ही उनकी पारी पर अंकुश लग गया। होल्डर की गेंदबाजी के सामने वह सहज नहीं दिखे और उन्होंने विकेट खो दिया। कोहली का यह विकेट सामान्य बात नहीं है क्योंकि पहले भी कई बार ऐसा हुआ है। आंकड़ों के अनुसार, होल्डर के सामने विराट कुछ न कुछ गलती कर देते हैं। वह अन्य गेंदबाजों के खिलाफ खुलकर खेलते हैं पर जेसन होल्डर के सामने आत्मसमर्पण कर देते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तर कोरिया ने नए मिसाइल लॉन्चर का परीक्षण किया

**प्योंगयांग, यूटर्न/ 27 मई।** उत्तर कोरिया ने एक नए मिसाइल लॉन्चर का परीक्षण किया है। यह जानकारी उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने बुधवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरियाई मिसाइल प्रशासन और रक्षा विज्ञान अकादमी ने नव विकसित हल्के बहुउद्देशीय मिसाइल लॉन्चर और एक बहुउद्देशीय सामरिक क्रूज मिसाइल प्रणाली का परीक्षण किया। रिपोर्ट के मुताबिक, परीक्षणों में एक विशेष प्रयोजन सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल की शक्ति, एक विस्तारित दूरी की निर्देशित मिसाइल की विश्वसनीयता और एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता-निर्देशित सामरिक क्रूज मिसाइल की सटीकता का विश्लेषण और मूल्यांकन किया गया।

### आसमान से जमीन और पानी में गिरने लगे दर्जनों बेकाबू ड्रोन

**सिडनी, यूटर्न/ 27 मई।** दुनियाभर में आधुनिक मनोरंजन के रूप में ड्रोन शो की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है और इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में आयोजित एक ऐसा ही भव्य ड्रोन शो अचानक बड़े हादसे में बदल गया। शो के दौरान दर्जनों ड्रोन अचानक तकनीकी खराबी के कारण नियंत्रण खो बैठे और सीधे नीचे गिरने लगे। इस अप्रत्याशित घटना के बाद आयोजकों को तुरंत कार्यक्रम रोकना पड़ा। इंटरनेट पर इस घटना का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उड़ते हुए ड्रोन अचानक बेकाबू होकर नीचे गिरते दिखाई दे रहे हैं। जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय वहां मौजूद अधिकांश दर्शक अपने मोबाइल फोन से शो का वीडियो बना रहे थे, जिसके कारण यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई।

# यूएई से रातों-रात निकाले जा रहे हजारों पाकिस्तानी शिया मुस्लिम

### नौकरी और जमा-पूंजी छिनी, हालात खराब

» **दुबई, यूटर्न/ 27 मई।**



संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से बड़ी संख्या में पाकिस्तानी शिया मुसलमानों को अचानक डिपोर्ट (देश निकाला) किया जा रहा है। खाड़ी क्षेत्र में बढ़े भू-राजनीतिक तनाव के बीच बरसों से वहां रह रहे लोग बिना नौकरी, बिना सामान और अपनी जीवनभर की जमा-पूंजी के बिना ही पाकिस्तान लौटने को मजबूर हैं। यूएई से निकाले गए इन हजारों शियाओं की स्थिति ने पूरे समुदाय में खलबली मचा दी है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन मन राइट्स वॉच ने भी इस चिंताजनक स्थिति की जांच शुरू कर दी है। यह सिलसिला मुख्य रूप से 28 फरवरी के बाद से तेज हुआ है, जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले शुरू किए थे।

इसके जवाब में ईरान ने भी यूएई पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए, जिससे खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षात्मक तनाव काफी बढ़ गया है। पाकिस्तान के शिया राजनीतिक संगठन मजलिस वहदत-ए-मुस्लिमीन के डेटाबेस के अनुसार, 28 फरवरी से अब तक कम से कम 7,500 पाकिस्तानी शियाओं को यूएई से निकाला जा चुका है और असल आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा हो सकता है। केवल पाकिस्तान के शिया बहुल कुर्रम जिले के ही करीब 1,500 लोगों को वापस भेजा गया है।

डिपोर्ट किए गए लोगों की आपबीती बेहद परेशान करने वाली है। कई प्रभावितों ने बताया कि उन्हें अपनी सेविंग्स निकालने या घर से सामान उठाने तक का मौका नहीं दिया गया।

# आज के वक्त की सबसे बड़ी लड़ाई आर्थिक मोर्चे पर : पेजेश्कियन

» **तेहरान, यूटर्न/ 27 मई।**



तेहरान में व्यापारियों, उद्योगपतियों और निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने बुधवार को अहम बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में सबसे बड़ी चुनौती आर्थिक मोर्चे पर है और भरोसा दिलाया कि सरकार देश की आर्थिक मजबूती बढ़ाने के लिए निजी क्षेत्र को हर संभव सहयोग देगी।

उन्होंने कहा कि सरकार आर्थिक गतिविधियों में आ रही बाधाओं को दूर करने और कारोबार के लिए बेहतर माहौल तैयार करने को लेकर प्रतिबद्ध है, ताकि देश बाहरी दबावों और संकटों का मजबूती से सामना कर सके। सरकारी ब्रॉडकास्टर प्रेस टीवी के अनुसार, राष्ट्रपति ने कहा, 'आज असली लड़ाई अर्थव्यवस्था और लोगों की रोजी-रोटी की है। इस आर्थिक युद्ध का सबसे बड़ा बोझ व्यापारियों, उत्पादकों और निजी क्षेत्र पर पड़ रहा है।' मसूद पेजेश्कियन ने कहा कि सरकार निजी क्षेत्र को देश की ताकत का अहम स्तंभ मानती है और उसे कमजोर नहीं पड़ने देगी। उनके मुताबिक, जितना अधिक सक्षम और सक्रिय निजी क्षेत्र होगा, उतनी ही देश की आर्थिक नींव मजबूत होगी। बैठक में गृह, वित्त और कृषि मंत्रियों समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान व्यापार, विदेशी मुद्रा, टैक्स, बैंकिंग, कस्टम और बाजार व्यवस्था से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा हुई। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि उनकी सरकार को पहले से मौजूद आर्थिक असंतुलन, युद्ध जैसे हालात और बाहरी राजनीतिक दबावों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने सरकार, निजी क्षेत्र और अन्य संस्थाओं के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने पारदर्शिता, आपसी भरोसे और भ्रष्टाचार के खिलाफ संयुक्त प्रयासों को जरूरी बताते हुए कहा कि मुश्किल आर्थिक दौर से निकलने के लिए सभी पक्षों की ईमानदार भागीदारी बेहद अहम है। पेजेश्कियन ने दावा किया कि अमेरिका और इजरायल सैन्य मोर्चे पर अपने मकसद हासिल नहीं कर पाए, इसलिए अब वे ईरान की अर्थव्यवस्था और लोगों की आजीविका को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'सैन्य मोर्चे पर असफल होने के बाद दुश्मन अब देश की आर्थिक मजबूती को कमजोर करने और लोगों की जिंदगी प्रभावित करने पर ध्यान दे रहा है।'

ईरानी राष्ट्रपति ने व्यापार और उद्योग जगत से जुड़े लोगों से अपील की कि वे देश की मौजूदा असाधारण परिस्थितियों और सरकार की सीमाओं को समझने के साथ ही राष्ट्रीय हितों की रक्षा और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सहयोग करें। राष्ट्रपति ने कहा, 'कठिन आर्थिक परिस्थितियों से सफलतापूर्वक बाहर निकलने के लिए आपसी भरोसा, पारदर्शिता, जिम्मेदारी और सभी क्षेत्रों की सच्ची भागीदारी बेहद जरूरी है।'

# क्यूबा के तरकश में ऐसा पुराना तीर जो अमेरिका के घमंड को कर चुका तार-तार

### 1999 में स्टील्थ फाइटर एफ-117 को आसमान से खींचकर मिट्टी में मिला दिया

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 27 मई।** वाशिंगटन से लेकर हवाना तक समंदर की लहरें शांत जरूर दिखती हैं लेकिन इस शांति के पीछे छिपा है एक बारूदी सच जिसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी बहुत अच्छे से जानते हैं। अमेरिका भले ही अपनी सैन्य ताकत पर गुरूर करे लेकिन वह क्यूबा को कमजोर समझने की भूल कतई नहीं कर सकता। क्यूबा के तरकश में एक ऐसा पुराना, लेकिन बेहद खूंखार तीर मौजूद है जो पहले भी अमेरिका के घमंड को तार-तार कर चुका है। यह है एस-125 पेचैरा एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह सिर्फ एक मिसाइल सिस्टम नहीं बल्कि अमेरिका के सबसे आधुनिक लड़ाकू विमानों का 'डेथ वारंट' है। इतिहास गवाह है कि साल 1999 के यूगोस्लाविया युद्ध में इसी घातक सिस्टम ने अमेरिका के उस समय के सबसे अचूक और अदृश्य माने जाने वाले स्टील्थ फाइटर एफ-117 नाइटहॉक को आसमान से खींचकर मिट्टी में मिला दिया था। इसे देख पूरी दुनिया सन्न रह गई थी कि एक सोवियत काल के हथियार ने अमेरिका की सबसे गुप्त तकनीक को धूल चटा दी थी।

# प्रसव के दौरान महिला का बहा 5.5 लीटर खून, चली गई कोमा में



**लंदन, यूटर्न/ 27 मई।** कई बार मां बनने की खुशी महिलाओं के लिए जिंदगी और मौत के बीच की जंग में बदल जाती है। कुछ ऐसा ही हुआ ब्रिटेन की 32 वर्षीय साराह मिल्स के साथ, जब बेटी को जन्म देते समय उनकी हालत बेहद गंभीर हो गई। प्रसव के दौरान साराह के शरीर से करीब 5.5 लीटर खून बह गया, जिसके बाद वह कोमा में चली गईं। इस दौरान उन्हें ऐसा महसूस हुआ मानो वह स्वर्ग की ओर जा रही हों। लंदन के हैरिंगे इलाके में रहने वाली साराह ने अपने इस भयावह अनुभव को साझा करते हुए बताया कि उन्हें एक समय लगने लगा था कि अब उनकी मौत निश्चित है। हालांकि उसी पल उन्हें अपनी नवजात बेटी का ख्याल आया और उन्होंने खुद को जिंदगी की ओर वापस लौटता महसूस किया। साराह का कहना है कि मां बनने की भावना और बेटी के लिए जीने की इच्छा ने उन्हें मौत के मुंह से वापस खींच लिया। यह घटना 24 अक्टूबर 2025 की है, जब साराह को इमरजेंसी सी-सेक्शन के लिए अस्पताल ले जाया गया था। डॉक्टरों ने पाया कि उनकी बेटी मायला का हाथ सर्विक्स से बाहर आ चुका था, जिसके कारण तुरंत ऑपरेशन करना जरूरी हो गया। रात करीब 8 बजकर 21 मिनट पर बच्ची का सुरक्षित जन्म हो गया, लेकिन इसके कुछ ही देर बाद साराह की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। उन्हें तेज गर्मी महसूस होने लगी और शरीर बेहद कमजोर पड़ गया। स्थिति गंभीर होते देख डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत जनरल एनेस्थीसिया दिया।

# पहली विदेश यात्रा के लिए बांग्लादेशी पीएम रहमान ने चुना चीन

### दिल्ली के बजाय बीजिंग को दी प्राथमिकता

» **ढाका, यूटर्न/ 27 मई।**



भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश के साथ कभी बेहद मधुर संबंध हुआ करते थे, लेकिन पिछले कुछ समय में वहां हुए बड़े सियासी उलटफेर के बाद दोनों देशों के बीच तनातनी काफी बढ़ गई है। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से हटने और भारत में शरण लेने के बाद से ही ढाका और नई दिल्ली के रिश्तों में एक बड़ी खाई देखने को मिल रही है। हालांकि, बांग्लादेश में तारिक रहमान की नई सरकार के गठन के बाद यह कयास लगाए जा रहे थे कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में सुधार आएगा, लेकिन हालिया घटनाक्रम और रणनीतिक संकेत कुछ और ही कहानी बयां कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि पड़ोसी देश में सिर्फ नेतृत्व बदला है, लेकिन भारत के प्रति पुराना रवैया बरकरार है। खबरों के मुताबिक, बांग्लादेश के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री तारिक रहमान आगामी जून महीने के अंत में चीन के आधिकारिक दौरे पर जा सकते हैं। कार्यभार संभालने के बाद यह उनका पहला आधिकारिक विदेश दौरा होगा। कूटनीतिक हलकों में यह कदम इसलिए बेहद चौंकाने वाला माना जा रहा है क्योंकि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पहले ही उन्हें भारत आने का निमंत्रण मिल चुका था। इसके अलावा, पहले इस बात की भी पुरजोर चर्चा थी कि तारिक रहमान अपनी पहली विदेश यात्रा के तौर पर भूटान को चुन सकते हैं। इसके बावजूद, सभी कयासों को दरकिनार करते हुए उन्होंने बीजिंग यात्रा को प्राथमिकता दी है, जिससे साफ संकेत मिलता है कि बांग्लादेश फिलहाल भारत के साथ अपने ठंडे पड़े रिश्तों को सुधारने में ज्यादा उत्सुकता नहीं दिखा रहा है।

# अमेरिका दो मोर्चों पर खेल रहा, ईरान से बातचीत भी चाहता है और दबाव भी

### अमेरिका की ईरान पर ताजा सैन्य कार्रवाई से क्या फिर भड़क सकती है जंग?

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 27 मई।**



दुनिया के सबसे अहम समुद्री व्यापार मार्गों में शामिल होर्मुज स्ट्रेट से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल गुजरता है। अगर ईरान इस इलाके में दबाव बनाता है या समुद्री गतिविधियां बाधित करता है, तो इसका सीधा असर वैश्विक तेल बाजार और पश्चिमी देशों की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। असल में अमेरिका इस समय दो मोर्चों पर खेलता दिख रहा है। एक तरफ वह ईरान को बातचीत की मेज पर बनाए रखना चाहता है, दूसरी तरफ सैन्य दबाव के जरिए उसे अपनी शर्तें मानने को मजबूर करना चाहता है1 खासतौर पर ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका आक्रामक रुख अपना रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ संकेत दिए हैं कि ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार को या तो अमेरिका को सौंपना होगा या फिर अंतरराष्ट्रीय निगरानी में नष्ट करना होगा। ट्रंप ने कहा कि यह प्रक्रिया अमेरिका और ईरान के 'सहयोग' से हो सकती है। उनके बयान से संकेत मिलते हैं कि तेहरान अपने रुख में कुछ नरमी दिखाने को तैयार हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान सैद्धांतिक रूप में अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम स्टॉक को छोड़ने पर सहमत हो गया है। माना जा रहा है कि यह अमेरिका की बड़ी कूटनीतिक जीत हो सकती है। हालांकि इस समझौते तक पहुंचने के लिए वॉशिंगटन लगातार 'दबाव और बातचीत' दोनों का इस्तेमाल कर रहा है। रिपोर्ट में भी कहा गया था कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम और प्रतिबंध हटाने की भाषा को लेकर दोनों देशों में मतभेद हैं। ऐसे में अमेरिका की ताजा सैन्य कार्रवाई को ईरान को 'मैसेज' देने की कोशिश माना जा रहा है कि अगर समझौता नहीं हुआ तो सैन्य विकल्प हमेशा खुला है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *